हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 233 देहरादून, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



राज्य में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के मकसद से खुद राफ्टिंग करने उतरे मुख्यमंत्री 3

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया पूर्णागिरि मेले का शुभारंभ, प्रदेश के सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

एक दिवसीय चंपावत दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टनकपुर के ठुलीगाड़, पूर्णागिरी मार्ग में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उत्तर भारत के प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा करते हुए कहा कि ककराली गेट, टनकपुर से मां पूर्णागिरि धाम तक यात्रा मार्ग में विद्युत विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। मां पूर्णागिरि धाम में लगने वाले मेले व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु मंदिर समिति को अनुदान दिया जाएगा। टनकपुर जौलजीबी मोटर मार्ग के बाटनागाड़ में पुल का निर्माण किए जाने, भैरव मंदिर में स्थाई पुलिस चौकी बनाए जाने, पूर्णागिरि क्षेत्र को इको टूरिज्म हब के रूप में विकसित किए जाने, टनकपुर शारदा नदी के तट पर कर्मशाला का निर्माण किए जाने, बनबसा में मुक्तिधाम का निर्माण किए जाने, बनबसा खटीमा सितारगंज होते हुए टनकपुर से राजस्थान खाटूश्याम के लिए बस सेवा शुरू किए जाने, चम्पावत पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात हेतु रात्रि में भी खोले जाने, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भजनपुर में एक फ्लोर और चार अतिरिक्त कक्ष बनाये जाने, चंपावत में साइंस सेण्टर का निर्माण किए जाने, श्री पूर्णागिरी मंदिर घाटी क्षेत्र में हेलीपेड का निर्माण किया जाने एवं आदि कैलाश, ओम पर्वत की यात्रा को जाते वक्त अल्मोड़ा से एवं चम्पावत के रास्ते यात्रा को वापस लाए जाने की घोषणा की।



सीएम पुष्कर सिंह धामी ने माँ पूर्णागिरि मेले के शुभारंभ अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे इस पावन मेले का शुभारंभ कर मां पूर्णागिरि मैया के चरणों में शीश नवाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा मां पूर्णागिरि मैया की महिमा से हम सभी भली-भांति परिचित हैं पूर्णागिरि मेला उत्तर भारत का प्रसिद्ध मेला है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न स्थानों से आते हैं उन्हें प्रत्येक सुविधा मुहैया कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की पताका संपूर्ण विश्व में लहरा रही है और दुनिया भर के देश हमारी प्राचीन संस्कृति और दर्शन से परिचित हो रहे हैं। हमारे धर्म ने कभी भी ''स्व'' अर्थात स्वयं की बात नहीं की, इसने सदा ''सर्व'' अर्थात सभी की बात की है, यही हमारी विशेषता है। हजारों वर्षों के पश्चात भी विश्व हमारी आस्थाओं और मान्यताओं के सामने नतमस्तक है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम अपने धर्म मार्ग से कभी विचलित ना हों और अपनी सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए सदैव प्रयत्नशील रहें। आज देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना पुनः जागृत हुई है। वहीं प्रदेश सरकार भी उत्तराखंड के प्राचीन मंदिरों के पुर्ननिर्माण और जीर्णोद्वार के लिए प्रतिबद्ध है। आध्यात्मिक एवं धार्मिक रूप से उत्तराखंड को देवी-देवताओं की भूमि माना जाता है। यही कारण है कि गढ़वाल मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों को भगवान केदारनाथ की भूमि मानते हुए जहां केदारखंड पुकारा जाता है वहीं कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों को कैलाश मानसरोवर की भूमि मानते हुए मानसखंड कहा जाता है।




मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केदारखंड के मंदिरों को विकसित करने के साथ ही हम मानसखंड कॉरिडोर को भी विकसित करने कि दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिसके अंतर्गत कुमांऊ के गोलज्यू मंदिर, पाताल भुवनेश्वर, कोट भ्रामरी, देवीधुरा, कैंचीधाम, बाल सुंदरी तथा मां पुण्यागिरी मंदिर सहित अनेक मंदिरों को चिह्नित किया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ₹कर्तव्य पथ₹ में मानसखंड कॉरिडोर पर आधारित हमारी झांकी को पहली बार प्रथम पुरुस्कार मिला। राज्य सरकार उत्तराखंड के पौराणिक धार्मिक स्थलों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के साथ साथ विकास के ऐसे नए नए आयाम स्थापित करें जिससे उत्तराखंड का नाम पूरे देश में गूंजे। प्रधानमंत्री जी के दिशा निर्देशन में हमारी सरकार आज उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए ''विकल्प रहित संकल्प'' के मंत्र के साथ निरंतर कार्य कर रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री सीएम धामी द्वारा समूह की महिलाओं द्वारा पूर्णागिरि धाम हेतु तैयार किए गए प्रसाद तथा प्रसाद रखने हेतु समूह की महिलाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पीरुल की टोकरी जो बनाई गई है, उसका भी शुभारंभ किया गया।सांसद अजय टम्टा ने कहा कि सभी धामों को आगे बढ़ाने हेतु कुमाऊं मंडल के सभी धामों, मंदिरों को मानसखंड में शामिल कर उन्हें आगे बढ़ाने हेतु राज्य सरकार द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है जिससे धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा। युवा नेतृत्व में राज्य विकास की सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार पर्यटन, साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्यरत है। उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री धामी के दिशा-निर्देशों में प्रत्येक वर्ग का विकास तेजी के साथ किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्णागिरि मेले में आए श्रद्धालुओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं भक्तों द्वारा लगाए गए भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शुभारंभ के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल महरा, पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी , भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा रेनू अग्रवाल, जिला अधिकारी नरेंद्र भंडारी, पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम की डीएम आशीष चौहान ने ली बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी। वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम के लिए आयोजित बैठक में डीएम ने ब्लाक स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि जंगलों में आग लगने पर तत्काल कंट्रोल रूम में उसकी जानकारी दें। वनाग्नि की जानकारी कंट्रोल रूम में नहीं देने पर डीएम ने कोट ब्लाक के नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी कोट का स्पष्टीकरण तलब किया।

गुरुवार को वनाग्नि घटनाओं की रोकथाम को लेकर आयोजित बैठक में डीएम डा. आशीष चौहान ने सभी एसडीएम, वन विभाग, पुलिस व ब्लाक स्तर पर नामित नोडल अधिकारियों को हर दिन वनाग्नि की रिपोर्ट जिला आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले लोगों का पता चलता है तो तत्काल उसने विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें। डीएम ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में वनाग्नि की रोकथाम के लिए ग्रामीण स्तर पर लोगों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए। कहा कि जो अधिकारी वनाग्नि जैसी घटनाओं के प्रति लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने वन विभाग का एक कार्मिक आपदा प्रबंधन कंट्रोल में तैनात करने के निर्देश डीएफओ को दिए। उन्होंने परिवहन विभाग को कहा कि विभिन्न रूटो पर चलने वाले वाहन चालकों को कंट्रोल रूम का नंबर देने के निर्देश दिए। कहा कि जंगलों में आग लगने पर उसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दें, जिससे वनो को बचाया जा सकेगा। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडे, सीडीओ अपूर्वा पाण्डे, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध, डीएफओ सीविल एवं सोयम केएन भारती आदि शामिल थे।

## फैक्ट्री में घुसकर कर्मचारियों को पीटा

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर स्थित एक फैक्ट्री में घुसकर कुछ लोगों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की। फैक्ट्री स्वामी ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि अभी तक मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। जब कुछ कर्मचारी गांव इब्राहिमपुर स्थित एक फैक्ट्री में काम कर रहे थे। तभी अचानक कुछ लोग जबरदस्ती फैक्ट्री के अंदर प्रवेश कर गए। कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो उन्होंने कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में लगभग छह कर्मचारी घायल हो गए। जिनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। फैक्ट्री स्वामी ने आरोप लगाया है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची है। पथरी इब्राहिमपुर निवासी सुशील कुमार ने पुलिस में शिकायत की है। उधर एसओ पथरी पवन डिमरी ने बताया अभी हमारे पास कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## होली पर रुडक़ी के दो युवक गंगनहर में डूबे

रुडक़ी। होली का दिन शहर के दो परिवारों के लिए काला दिन बन गया। दो युवक मौज मस्ती के लिए सोलानी पार्क अपने दोस्तों के साथ गए थे। जहां दोनों युवक गंगनहर में डूब कर लापता हो गए। जल पुलिस की टीम युवकों की तलाश को सर्च ऑपरेशन चला रही है। आदर्श नगर निवासी विनय (22) और शेखपुरी निवासी रजत (24) अपने साथियों के साथ होली पर सोलानी पार्क में मौज मस्ती के लिए गए थे। युवकों का ग्रुप होली खेलने के साथ ही गंगनहर में नहाने की तैयारी करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रजत और विनय गंगनहर की सीढ़ियों के पास अपना संतुलन खोने पर गिर पड़े। गंगनहर के तेज बहाव में रजत बहने लगे तो साथियों ने शोर मचाया। आसपास के लोगों ने युवकों को बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन दोनों युवक गंगनहर में डूब कर लापता हो गए। सूचना मिलने पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर तक लोगों ने सर्च ऑपरेशन चला। लेकिन युवकों का कहीं कुछ पता नहीं चल पाया।

# वाइस एडमिरल (रि.) अनिल चावला व कैंट बोर्ड के सीईओ अभिनव सिंह ने की राज्यपाल से भेंट





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में वाइस एडमिरल (रि.) अनिल चावला व कैंट बोर्ड के सीईओ अभिनव सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को जल स्वच्छता और स्वच्छता में नवाचार कार्यक्रम 'वॉश' के सम्बन्ध में अभी तक किये गये कार्यों की जानकारी दी। ''वॉश'' द्वारा कई अभिनव कार्यक्रमों का संचालन किया गया है और वर्तमान में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबन्धन के क्षेत्र में उत्तराखण्ड के सहयोगी संस्था के रूप में कार्य किये जाने की प्रक्रिया में है।

राज्यपाल ने कहा कि हमें स्वच्छता अभियान को एक जन आंदोलन बनाने की जरूरत है जिसमें सभी हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। लोगों को जैविक और अजैविक कूड़े के निस्तारण के बारे मे जागरूक करना बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा ''वॉश'' के सहयोग से स्वच्छता में नवाचार सेमिनार जल्द ही आयोजित किया जाएगा। इसमें स्वच्छता से संबंधित सभी हितधारकों को बुलाकर नवाचारों के बारे में जानकारी दी जाएगी और उपयुक्त नवाचारों को लागू किया जायगा। राज्यपाल ने कहा कि इसमें सभी एनजीओ और अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे सामने जल स्वच्छता, प्लास्टिक और ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन चुनौती के रूप में है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड को साफ-स्वच्छ रखने के लिए यह प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि ''वॉश'' के सहयोग से शून्य प्लास्टिक, कचरे से धन, स्वच्छता, पानी के पुर्नउपयोग सहित अन्य उत्कृष्ट नवाचारों को लागू किया जाएगा।

# राज्यपाल ने की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों संग बैठक



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि दूरस्थ गांव में रह रहे लोगों तक मोबाइल वैन के माध्यम से जन औषधि केन्द्रों की सस्ती दरों पर उपलब्ध दवाइयों का लाभ मुहैया करवाया जाय। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा सहित कांवड़ यात्रा में भी जन औषधि परियोजना का प्रचार-प्रसार करें जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके। राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा, आंगनबाडियों, पूर्व सैनिकों, रेडक्रॉस के वॉलेंटियर व एनसीसी के कैडेट्स को स्वास्थ्य मित्र बनाकर उनकी स्वास्थ्य सेवाओं हेतु मदद ली जाय। राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी एक चुनौति के रूप में है इसके लिए विभाग ऐसे विशेषज्ञ डॉक्टरों हेतु विशेष प्रोत्साहन द्वारा उनकी तैनाती के प्रयास करे।

राज्यपाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में नवीन तकनीकी जिनमें हैली एम्बुलेंस, ड्रोन आदि के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है। दूरस्थ क्षेत्रों हेतु यह तकनीकी बेहद कारगर है और इन तकनीकों से लोगों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकती हैं। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत निः क्षय मित्र के संम्बध में भी जानकारी प्राप्त की और कहा कि अधिक से अधिक लोगों को निः क्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करें।

इस बैठक के दौरान सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार ने राज्यपाल के समक्ष विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनिता शाह, निदेशक एनएचएम डॉ. सरोज नैथानी, ड्रग कंट्रोलर तेजवर सिंह, समन्वयक डॉ. तपन शर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### 4 पेटी शराब के साथ एक को पकड़ा

पिथौरागढ़। जाजरदेवल पुलिस ने चार पेटी शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर सेरी कुम्डार में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को कमल सिंह के पास से अवैध शराब बरामद हुई है। पुलिस ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ भादवि की धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। टीम में हेड कांस्टेबल नंदन सिंह, सुरेन्द्र मनराल शामिल रहे।

### नेत्र शिविर में 152 की निशुल्क जांच

अल्मोड़ा। बासोट में हंस फाउंडेशन अस्पताल सतपुली पौड़ी गढ़वाल ने निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया। जिसमे 152 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान जरूरमंद लोगों को दवा व नजर के चश्मों का वितरण किया गया। साथ ही साथ ही चयनित 22 लोगों का 23 मार्च को मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन सतपुली में होगा। शिविर में कैंप समन्वयक नीरज भंडारी, राणा सिंह, अमित, आरसी थपलियाल, भगा देवी, केएस शीला आदि मौजूद रहे।

### 'भिक्षा नहीं, शिक्षा दें अभियान के तहत लोगों को किया जागरुक

अल्मोड़ा। जिलेभर में पुलिस का ऑपरेशन मुक्ति अभियान जारी है। भिक्षा नहीं, शिक्षा दें अभियान के तहत पुलिस ने जिला मुख्यालय में लोगों को जागरुक कर रही है। गुरुवार को पुलिस की ऑपरेशन मुक्ति टीम ने मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया। लोगों को बच्चों से बाल श्रम न करवाने, भिक्षा न देने आदि के लिए जागरूक किया। टीम ने कहा कि अगर किसी को भी कहीं किसी भी प्रकार से छोटे बच्चे भिक्षा मांगते या बाल श्रम करते हुए दिखें तो इसकी सूचना जल्द पुलिस को दें। सूचना से पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर सकेगी। वहीं उन्होंने कहा कि भिक्षा मांगने वाले बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करें। टीम में एएसआई राजेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल सुरेश गिरी, भूपाल सिंह, महिला कांस्टेबल मोनिका जोशी आदि रहे।

### भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को धरना 32वें दिन भी जारी

अल्मोड़ा। भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच समेत विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्र नीति संगठन के सदस्यों का अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना गुरुवार को 32वें दिन भी जारी रहा है। विनोद चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन को तमाम संगठन समर्थन दे रहे हैं। विनोद तिवारी ने बताया कि भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच, बेरोजगारों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, अंकिता भंडारी को इंसाफ दिलाने और राज्य में भू कानून लागू करने की मांग पर धरना दिया जा रहा है। कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं हो जाती धरना जारी रहेगा।

### रानीखेत राजकीय चिकित्सालय में गुलदार घुसने की घटना से दशहत

अल्मोड़ा। रानीखेत के गोविंद सिंह माहरा राजकीय चिकित्सालय में गुलदार की घुसने और आधे घंटे तक आतंक मचाने की घटना के बाद से मरीजों और कर्मचारियों में दहशत है। वन विभाग की टीम चिकित्सालय में लगातार गश्त कर रही है। अनुमति मिलने के बाद चिकित्सालय में पिंजड़ा लगाया जाएगा। वनाधिकारियों ने चिकित्सालय प्रबंधन की ओर से सुरक्षा के इंतजाम करने पर जोर दिया है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर चार ड्राइवर नपे

अल्मोड़ा। यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। बुधवार को पुलिस ने लोअर मालरोड के बेस तिराहे के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट चार दोपहिया चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही जुर्माना वसूला। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### उत्कृष्ट कार्य पर महिलाएं सम्मानित

बागेश्वर। तहसील के शामा पन्याली में बुधवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में भी जानकारी की गई। समाज में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। पीपुल्स साइंस इंस्टीट्यूट (पीएसआई) के तत्वावधान में आदर्श विद्यालय पन्याली में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शामा, लीती, भानार, बड़ी पनियाली की महिलाएं मौजूद रहीं।

# राज्य में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के मकसद से खुद राफ्टिंग करने उतरे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

न्यूज वायरस नेटवर्क

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टनकपुर में टनकपुर-जौलजीबी रोड स्थित चरण मंदिर से बूम तक महाकाली नदी ( शारदा नदी ) में लगभग 11 कि.मी. राफ्टिंग की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महाकाली नदी एवं टनकपुर क्षेत्र भारत के साथ ही पूरे विश्व के नक्शे में आए इसके लिए राज्य सरकार लगातार कार्यरत है। उन्होंने कहा साहसिक खेल को बढ़ावा देकर हम इस क्षेत्र को एक नई पहचान दिलवाना चाहते हैं। आगामी सितंबर माह में महाकाली नदी में नेशनल राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें विभिन्न राज्य के प्रतिभागी भाग लेंगे। इस हेतु 50 लाख की धनराशी जारी की गई है। उन्होंने कहा राज्य सरकार के नए उत्तराखंड के संकल्प में साहसिक पर्यटन प्राथमिकता है। इसे बढ़ावा देने के लिए राज्य के विभिन्न स्थानों पर कई कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में टनकपुर क्षेत्र को भी राफ्टिंग से जोड़ने के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मां पूर्णागिरि मंदिर में आने वाले श्रद्धालु तीर्थ यात्रा के साथ साहसिक गतिविधियों का भी आनंद लेंगे। इससे स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। जिससे जिले एवं राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा पूर्णागिरी मेले में आने वाले श्रद्धालु चंपावत एवं अन्य जिलों के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंचे उस पर भी कार्य किया जा रहा है इस दौरान सांसद अजय टम्टा जिलाधिकारी नरेंद्र भंडारी, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



## नेपाल सीमा से लगे जंगलों में लगी आग

चम्पावत। नेपाल सीमा से लगे ग्राम पंचायत टुनकांडे के राजस्व गांव पठना के जंगलों में आग लगने से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। वन विभाग, दमकल की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गुरुवार की सुबह से पठना के जंगल में बचानक आग लग गई। हवा के साथ आग ने जंगल को अपनी चपेट में ले लिया। जंगल में आग लगने से वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचा है। जंगल की आग गांव की ओर बढ़ते देख क्षेत्र के लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग और दमकल टीम को दी। लोहाघाट से एफएसएसओ श्याम बहादुर थापा के दिशा निर्देशन में पहुंची दमकल टीम आग बुझाने में जुटी। करीब चार घंटे से अधिक की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से बांज, काफल, फल्यांठ आदि प्रजातियोंके के छोटे-छोटे पौधे और वन्य जीवों को नुकसान हो गया है।

### चम्पावत में धूमधाम से मनाई गई छरड़ी

चम्पावत। चम्पावत में छरड़ी धूमधाम से मनाई गई। लोगों ने एक दूसरे को जम कर रंग लगाया। गले मिल कर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। बुधवार को चम्पावत शहर और चाराल में छरड़ी उल्लास से मनाई गई। सुबह से ही युवाओं, महिलाओं और पुरुषों की टोली छरड़ी मनाने निकल पड़ी। तल्लीहाट, मल्लीहाट, छतार, मादली, कनलगांव, जीआईसी रोड, भैरवा आदि क्षेत्रों में लोगों ने जम कर होली खेली। लोगों ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। घर में होली मिलने आए लोगों को पकवान खिलाए गए। दोपहर तक होली मिलन कार्यक्रम शबाब पर आ गया। बाद में लोगों ने घरों में पूजा अर्चना की।

### पर्वतारोही धन सिंह का निधन

चम्पावत। देवीधुरा के ढरौज गांव निवासी धन सिंह बिष्ट (35) का निधन हो गया। बीते मंगलवार रात नाक और मुंह से खून निकलने पर उन्हें पाटी अस्पताल में भर्ती गया। जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। धन सिंह की चम्पावत जिले के अव्वल पर्वतारोहियों में गिनती होती थी। वे आपदा के मुख्य प्रशिक्षक के अलावा खोज और बचाव दल के सदस्य भी थे। उन्होंने दो साल पूर्व 7756 मीटर ऊंचे पूर्व कामेट पर्वत में तिरंगा फहराया था। उनके निधन पर सीएम धामी, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, नेचर गाइड सौरभ कलखुडिया समेत तमाम लोगों ने शोक जताया है।

### पूर्णागिरि में अफसरों से ही लूट-खसोट

चम्पावत। पूर्णागिरि धाम में अफसरों से ही लूट खसोट का मामला सामने आया है। आरोप है कि धाम के व्यापारी प्रत्येक सामग्री में दस रुपए अधिक वसूल कर रहे हैं। मामले में लोनिवि के जेई ने एसडीएम से शिकायत की है। पूर्णागिरि मेले की तैयारियों के संबंध में निरीक्षण करने गई लोनिवि के जेई तनुजा देव ने एसडीएम सुंदर सिंह को शिकायत करते हुए कहा कि वह बीते दिन विभागीय कार्य के लिए टीम के साथ पूर्णागिरि धाम पहुंची थी। बताया कि एक व्यापारी से कोल्ड्रिंग मांगी। जिसका प्रिंट दाम 20 रुपये था। लेकिन व्यापारी ने उनसे दस रुपये अधिक यानि 30 रुपए वसूल लिए। बताया कि विरोध करने के बावजूद व्यापारी बहस करने लगा। जिसके बाद उन्होंने 30 रुपये दिए। इससे पहले भी यहां व्यापारियों पर प्रिंट दाम से अधिक वसूलने के आरोप लगे हैं। कहा कि जब मेले की व्यवस्थाएं देखने वालों से ही इस तरह वसूली की जा रही है तो बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं से कितनी लूट खसोट होगी। एसडीएम सुंदर सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। सभी व्यापारियों को रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए हैं।

### फड़ों को निर्धारित स्थानों पर लगाने के निर्देश

काशीपुर। जी-20 सम्मेलन के मद्देनजर सडक पर साफ-सफाई को लेकर तहसीलदार व पालिका ईओ ने निरीक्षण कर फड़ व्यवसायियों को निर्धारित स्थानों पर फड़ लगाने के निर्देश दिए। गुरुवार को तहसीलदार अक्षय भट्ट एवं ईओ मनोज दास ने मुडिया तिराहे का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने फड़ व्यवसायियों से जी-20 सम्मेलन को लेकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। तहसीलदार ने बताया कि जी-20 सम्मेलन को लेकर प्रशासन अपनी तैयारियां कर रहा है। बताया कि फड़ ठेला व्यवसायियों को मुख्य मार्ग से हटाकर बेरिया मार्ग और मुंडिया मार्ग पर अपने फड़ लगाने की अनुमति दी जाएगी।



# शूटिंग और सब्सिडी के लिए उत्तराखण्ड में मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता कम्पनी जंगली पिक्चर्स ने अपनी फिल्म 'बधाई दो' की शूटिंग और सब्सिडी के लिए उत्तराखण्ड में मिले सहयोग के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद दिया है। जंगली पिक्चर्स ने मुख्यमंत्री धामी को अपने सोशल मीडिया पोस्ट (ट्वीट और इंस्टा) पर टैग करते हुए लिखा हैः-'' मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद का उनके सहयोग और गर्मजोशी से भरे आतिथ्य हेतु हार्दिक धन्यवाद। बधाई दो फिल्म के लिए शूटिंग की अनुमति देने से लेकर सब्सिडी स्वीकृत करने तक उनकी कार्यप्रणाली वास्तव में सराहनीय है।

हम एक बार फिर सुरम्य राज्य उत्तराखण्ड में शूटिंग करने के अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं"। जंगली पिक्चर्स के इस पोस्ट को बधाई दो के अभिनेता प्रसिद्ध स्टार राजकुमार राव ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर करते हुए लिखा ''धन्यवाद सर''। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने फिल्म निर्माता को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में फिल्म निर्माताओं के लिए एक आदर्श वातावरण तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। बंशीधर तिवारी ने कहा कि राज्य में फिल्म निर्माण को एक उद्योग की भांति बढ़ावा दिया जायेगा। फिल्म निर्माण के क्षेत्र में रोजगार सृजन पर फोकस किया जा रहा है। नई फिल्म नीति में क्षेत्रीय फिल्मों को प्रोत्साहन देने के लिए उनको दी जाने वाली सब्सिडी में उल्लेखनीय वृद्धि प्रस्तावित की गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य के अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर शूटिंग को प्रोत्साहन देने के लिए भी नीति बना ली गई है। श्री तिवारी ने बताया कि राज्य के शूटिंग लोकेशनों और फिल्म निर्माण से जुड़े कलाकारों तथा तकनीशियनों हेतु डायरेक्ट्री बनाने के लिए सूचना संकलन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि हाल में ही लागू की गई निजी औद्योगिक क्षेत्र स्थापना नीति-2023 के अंतर्गत भी निजी फिल्म सिटी, स्टूडियो एवं अन्य उपक्रमों को बढ़ावा मिलेगा।

कई बड़े फिल्म निर्माता राज्य में फिल्म निर्माण, फिल्म सिटी, फिल्म संस्थान हेतु बातचीत कर रहे हैं। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने बताया कि इस वर्ष बड़े बैनर की दो हिन्दी फिल्मों बधाई दो (जंगली प्रोडक्शन) तथा तड़प (साजिद नाडियाडवाला प्रोडक्शन) को सब्सिडी दी गई है।

जिन्होंने अपनी कुल शूटिंग का 75% से अधिक उत्तराखण्ड में शूट किया है। कुछ अन्य हिन्दी और क्षेत्रीय फिल्मों की सब्सिडी हेतु भी कार्यवाही गतिमान है। पिछले वर्ष बनी कई फिल्में रिलीज होने के बाद सब्सिडी हेतु आवेदन करेंगी। पिछले एक वर्ष में लगभग 200 फिल्म शूटिंग अनुमतियां जारी की गई हैं। अभी राज्य में कई फिल्मों और वेबसीरीज की शूटिंग चल रही हैं या शीघ्र प्रस्तावित हैं। इन फिल्मों में फिर आई हसीन दिलरूबा, राज और डी के निर्मित वेब सीरीज सिटाडेल इंडिया, पुतुल, मेघना गुलजार की सैम बहादुर प्रमुख हैं।




## चोरी के स्कूटर के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

विकासनगर। थाना सेलाकुई क्षेत्र के अंतर्गत शिवनगर बस्ती में घर से स्कूटर चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को चोरी के स्कूटर के साथ गिरफ्तार कर दिया है। आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा तरमीम कर पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को पुलिस ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। बुधवार को को एक महिला विभा देवी पत्नी राम बाबू साहनी निवासी शिवनगर बस्ती ने थाना थाना सेलाकुई पर लिखित तहरीर दी।बताया कि मंगलवार की रात मे अपने एकटिवा स्कूटर को घर के बाहर खडा किया था। बुधवार को जब सुबह उठकर घर के बाहर आये तो स्कूटर गायब मिला। जिस पर सेलाकुर्ठ पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोर की तालश शुरु की। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी कैमारा खंगालने के साथ ही आपराधिक प्रवृति के लोगों की धरपकड की शुरु की। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी अनुराग गौतम पुत्र भगवान दीन गौतम निवासी बिजवा खीरी पोस्ट गोला थाना भीरा जिला लखीमपुरखीरी यूपी हाल निवासी शिवनगर सेलाकुई को चोरी के स्कूटर के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वाहन चोरी का मुकदमा तरमीम कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस की टीम मे एसआई रतन सिंह बिष्ट, कांस्टेबल बृजपाल सिंह व त्रेपनसिंह शामिल रहे।

## जमीन धोखाधडी में 6 महिलाओं समेत दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की खरीद फरोख्त में धोखाधड़ी करने के मामले में एक महिला की तहरीर पर थाना पुलिस ने छह महिलाओं सहित दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। नौ मार्च को सुधादेवी पत्नी चंद्र मोहन देवली निवासी ग्राम पंचायत कारबारी ग्रांट थाना पटेलनगर ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में सुधा देवी देवली ने आरोप लगाया है कि जैदरफी अंसारी पुत्र रफी अंसारी निवासी गुरुद्वारा गली विकासनगर, मानवता पत्नी मोहम्मद जैदरफी अंसारी निवासी गुरुद्वारा गली विकासनगर, शकीला पत्नी महफूज, वहीदन पत्नी मतलूब, जोहरा पत्नी शकूर, नफीस पुत्र शकूर, शकूर पुत्र शरीफ, फुरकाना पत्नी सत्तार, मोहम्मद फैरान पुत्र निसार, अफजल पत्नी अफजल पेशावरी सभी निवासी गुरुद्वारा गली विकासनगर ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवेहलना कर पीएसीएल की जमीन का अनुचित लाभ उठाने की नियत फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का क्रय विक्रय किया है।

थानाध्यक्ष सहसपुर गिरीश नेगी ने बताया कि इस मामले में महिला की तहरीर मिलने पर उच्चाधिकारियों की जांच आख्या आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ फर्जी कूट रचित दस्तावेज तैयार करने, धोखाधड़ी सहित विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है। बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के अधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## मां से झगड़े के बाद बेटी ने गटका तेजाब

काशीपुर। मां से झगड़े के बाद एक युवती ने तेजाब गटक लिया। वहीं देवर की पिटाई से नाराज महिला ने सल्फास की गोलियां खा लीं। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत नाजुक है। ठाकुरद्वारा के ग्राम बोबधवाला निवासी मुन्नू सिंह की पुत्री नीतू का होली के दिन अपनी मां से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर नीतू ने घर में रखा तेजाब पी लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। वहीं, अफजलगढ़ निवासी रीना पत्नी लोकेश से उसके देवर ने बुधवार को मारपीट कर दी। नाराज रीना ने घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं। नीतू एवं रीना को परिजनों ने गंभीर हालत में एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। उधर, परिजनों से झगड़े के बाद धर्मपुर निवासी मुकेश पुत्र ब्रहमपाल ने कीटनाशक का सेवन कर लिया।

किशोर ने चूहे मार दवा खाई - जसपुर। होली के दिन भांग की अधिक पकौड़ी खाने से एक महिला की हालत बिगड़ गई। जसपुर निवासी एक महिला ने होली के रंग के बाद भांग की अधिक पकौड़ी खा लीं। इससे उसकी हालत खराब हो गई। वहीं, 15 वर्षीय किशोर ने मां-बाप से नाराज होकर चूहे मार दवा खा ली। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## छात्र प्रियांशु ने की ईमानदारी की मिसाल पेश

विकासनगर। प्रखंड के दूरस्थ राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पष्टा में कक्षा सात में अध्ययनरत एक छात्र ने ईमानदारी पेश की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश नौटियाल ने बताया कि कक्षा सात में पढने वाले छात्र प्रियांशु को विद्यालय आते हुए रास्ते किसी का पर्स गिरा हुआ मिला। पर्स में छह हजार रुपए और अन्य कई कागजात रखे हुए थे। विद्यालय पहुंचते ही छात्र ने पर्स शिक्षकों को देते हुए बताया कि इसमें पैसे भी हैं। पैसों के बारे में पूछने पर छात्र ने बताया कि पर्स खोलकर पैसे गिने नहीं हैं। शिक्षकों ने पैसे गिने तो छह हजार रूपए मिले। करीब एक घंटे बाद एक ग्रामीण कुछ ढूंढ़ते हुए विद्यालय के सामने से गुजरा। शिक्षकों ने ग्रामीण से बात की तो पता चला कि उसका पर्स खो गया है। पूछताछ करने पर ग्रामीण ने बताया कि पर्स में छह हजार रुपए और कुछ कागजात थे। जिसके बाद शिक्षकों ने छात्र के हाथों से ही ग्रामीण को पर्स लौटाया। विद्यालय के शिक्षक बहादुर सिंह असवाल, हुकम सिंह चौधरी, देवेश ने छात्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दिनों बच्चे नशे की गिरफ्त में आकर अपराध की ओर बढ़ रहे हैं, ऐसे में प्रियांशु ने ईमानदारी की मिसाल अन्य बच्चों के लिए भी नजीर साबित होगी। वहीं ग्रामीणों के बीच में भी छात्र की ईमानदारी चर्चा का विषय बनी हुई।

# हॉट एयर बैलून एवं पैरा मोटर एडवेंचर एक्टिविटीज का शुभारंभ

देहरादून। मुख्यमंत्री  पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को अपने टनकपुर पूर्णागिरि भ्रमण के दौरान किरोड़ा नाला, टनकपुर में पूर्णागिरि मेले के दौरान आयोजित हॉट एयर बैलून एवं पैरा मोटर एडवेंचर एक्टिविटीज का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री  पुष्कर सिंह धामी ने हॉट एयर बैलून एवं पैरामोटर के संबंध में विशेषज्ञों से जानकारी ली। उन्होंने जिला अधिकारी चंपावत को निर्देशित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों को जिले के अन्य जगहों पर भी शुरू किया जाए। उन्होंने कहा जिले के अन्य स्थान जहां भी हॉट एयर बैलून एवं पैरामोटर स्पोर्ट्स को शुरू किया जा सकता है उन स्थानों को भी चिह्नित कर विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री  पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हॉट एयर बैलून एवं पैरामोटर एडवेंचर एक्टिविटीज से क्षेत्र के युवाओं को भी जोड़ा जाए ताकि अधिक से अधिक युवा साहसिक गतिविधियों से जुड़ सकें और इस क्षेत्र में अपना स्वरोजगार अपना सकें। उन्होंने कहा इससे स्थानीय लोगों को भी अधिक से अधिक रोजगार मिलेगा। इस दौरान स्थानीय महिलाओं आदि ने क्षेत्र में साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



## छात्र-छात्राओं ने जाना तारा मंडल का रहस्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। प्रखंड के दूरस्थ राजकीय इंटर कॉलेज सोरना-डोभरी के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को शैक्षणिक भ्रमण के तहत विज्ञान धाम झाझरा में तारामंडल जाकर थ्रीडी सिनेमा के जरिये तारों का रहस्य जानने के साथ ही अन्य जानकारी हासिल की। भ्रमण प्रभारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने झाझरा स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। केंद्र में छात्र-छात्राओं ने रोचक विज्ञान, विज्ञान प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयामों से संबंधित जानकारियां हासिल की और थ्रीडी चलचित्र, तारामंडल एवं रोचक जैव विविधता पार्क भी देखा। तारामंडल के बारे में जानकारी पाकर छात्र-छात्राएं उत्साह से लबरेज दिखाई दिए। जिला विज्ञान समन्वयक एवं भ्रमण प्रभारी सुधीर कांति ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वायुमंडल में धूल और बादल के पॉजिटिव एवं नेगेटिव आयन आपस में मिलते गए, धीरे-धीरे इन्होंने बड़ा आकार बनाया। हाइड्रोजन का परिवर्तन हीलियम के रूप में हुआ और अपार ऊष्मा उत्पन्न हुई, जिसने तारों को चमक प्रदान की। तारों के नष्ट होने के कारणों के बारे में बताया कि हीलियम गैस नष्ट होती गई और ये काले पदार्थ में तब्दील हो गए। भारी घनत्व के कारण गुरुत्वाकर्षण शक्ति बढ़ी और ब्लैक होल बनते गए। भारी से भारी चीजें इन ब्लैक होल में समा जाती हैं। इस दौरान बीईओ वीपी सिंह, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र नौटियाल, हयात सिंह रावत, दिनेश देवराड़ी, महेंद्र रावत, राजीव शर्मा, रविंद्र कैंतुरा, नीतू चौहान, सीमा चौहान, सुनीता डोगरा, अनिल तोमर आदि मौजूद रहे।

## होली पर भिड़े दो पक्षों में जमकर मारपीट, केस दर्ज

ऋषिकेश। होली पर्व पर हुड़दंग को लेकर गंगोत्री कॉलोनी में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान मारपीट में एक-दूसरों के सिर तक फोड़ दिए गए। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने अलग-अलग मुकदमा दर्ज कर लिए हैं। श्यामपुर चौकी प्रभारी जगत सिंह के मुताबिक गुरुवार को मोनिका नेगी ने शिकायत देकर दीनानाथ और दो से तीन अज्ञात निवासी गंगोत्री कॉलोनी गुमानीवाला के खिलाफ मारपीट को लेकर शिकायत दी। वहीं, दूसरे पक्ष से दीनानाथ ने भी मोनिका नेगी और तीन अज्ञात पर मारपीट का आरोप लगाया। तहरीर पर दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने अलग-अलग विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज कर लिए हैं। चौकी प्रभारी ने बताया कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिवपुरी में नहाते समय गंगा में डूबे बीटेक के दो छात्र


ऋषिकेश। शिवपुरी में नहाते समय बीटेक के दो छात्र गंगा में डूब गए। पानी में लापता दोनों छात्र देहरादून से दोस्तों के साथ होली मनाने शिवपुरी आए थे। एसडीआरएफ ने गुरुवार को दूसरे दिन भी नदी में सर्च आपरेशन चलाया, लेकिन देर शाम तक उनका कुछ पता नहीं चल सका। जानकारी के मुताबिक बुधवार को डीआईटी देहरादून में बीटेक की पढ़ाई कर रहे दो छात्र अपने साथियों के साथ होली मनाने के लिए मुनिकीरेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुरी आए थे। दोपहर होली खेलने के बाद सभी शिवपुरी नमामि गंगे घाट पर नहाने गंगा में उतरे।

बताया जा रहा है कि इसी बीच दो छात्र आदित्य राज (22) निवासी कोलकाता, पश्चिम बंगाल और उत्कर्ष (22) निवासी आगरा, उत्तर प्रदेश पानी की तेज बहाव में आकर डूबने लगे। जब तक साथी उन्हें बचाने का प्रयास करते दोनों पानी की गहराई में ओझल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने तत्काल गंगा में सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि गंगा में लापता बीटेक के छात्रों की तलाश में गुरुवार को भी नदी में सर्च आपरेशन चलाया गया, देर शाम तक उनका कुछ सुराग नहीं लग पाया। बताया कि सर्च आपरेशन के दौरान छात्रों के परिजन भी मौके पर मौजूद रहे।

## योग, भक्ति और देश भक्ति के रंग में रंगे रहें तो हर दिन होली और दिवाली : रामदेव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। योगगुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि कुछ लोगों की फितरत है, वो खाते हिन्दुस्तान का है, लेकिन गीत दूसरे देशों के गाते हैं। ऐसा करके ये लोग देश के अंदर अपने प्रति अस्वीकार्यता, घृणा और नफरत का भाव पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि समझ नहीं आता कि जिन लोगों को भारत के लोगों से वोट लेकर नेता बनना है, वह लोग ऐसा कैसे करते है? यह सोच कर ऐसे लोगों की बुद्धि पर तरस आता है। ये बातें योगगुरु रामदेव ने होली मिलन कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कही। पतंजलि योगपीठ के संस्थापक योगगुरु स्वामी रामदेव ने योगपीठ के संन्यासियों के साथ



रंग, गुलाल और फूलों की होली खेली। हरिद्वार गंगा तट पर आयोजित कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं। स्वामी रामदेव ने कहा कि लोग योग के रंग में, भक्ति के रंग में और देश भक्ति के रंग में रंगे रहें तो हर दिन होली और दिवाली है। उन्होंने कहा कि शक्तिशाली भारत तब बन सकेगा, जब मिलजुलकर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगकर समर्थ भारत बनाने की दिशा में कार्य होंगे। हमारा संकल्प है कि भारत को आर्थिक गुलामी, बदहाली, दरिद्रता, शिक्षा और चिकित्सा की गुलामी से मुक्त करके देश के लोगों के सहयोग से देश को विश्व गुरु बनाएंगे। योग धर्म और सनातन धर्म अब युग धर्म और विश्व धर्म बनेगा। इसके लिए पतंजलि सनातन धर्म क्व विद्वान, समर्थ संन्यासियों का निर्माण करेगी। यह दुनिया के लिए पतंजलि की सौगात होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### होली में हुड़दंग पर 17 लोगों का चालान

ऋषिकेश। होली पर्व पर नगर क्षेत्र में हुड़दंग मचाने वालों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग इलाकों में कुल 17 लोगों को पुलिस ने हंगामा करने पकड़ा। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। जिसके बाद उनका चालान किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश शाह ने बताया कि हुड़दंग रोकने के लिए पुलिस ने पहले से ही व्यापक इंतजाम किए थे। कई पुलिस टीम भी शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गठित की गई थी। बताया कि हुड़दंग मचाने वाले युवकों का चालान कर उन्हें सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

### जीवन का प्रत्येक कर्म हो योगमय: स्वामी चिदानंद

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के दूसरे दिन विशेष आध्यात्मिक सत्र में स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती ने योग प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। उत्तराखंड के लोकनृत्य, पारंपरिक, कलात्मक और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रदर्शन किया गया। शाम के समय गंगातट पर पद्मश्री कैलाश खेर के विशेष सूफी संगीत ने प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुवार को परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि योग केवल आसनों का समूह मात्र नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण जीवन पद्धति है। दैनिक जीवन में कब उठना, कब सोना, क्या करना, कैसे करना है, सब यौगिक जीवन का ही अंग है। योग में स्थित रहते हुए सभी कर्मों को करने से सफलता अवश्य मिलेगी। युक्ताहार विहारस्य युक्त अर्थात योग का अर्थ है बैलेंस, संयम अर्थात आहर-विहार, विचार और व्यवहार का संयम बना रहें। अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव की निदेशक डॉ. साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि ध्यान के माध्यम से हम अपने प्रति और अधिक जागरूक होते हैं। योग महोत्सव के दूसरे दिन यूएसए के गुरुशब्द सिंह खालसा के साथ सुबह कुंडलिनी साधना की। अमेरिका की गुरमुख कौर खालसा ने बताया कि कैसे अपने अंदर सुरक्षा तलाशे, प्रसिद्ध किआ मिलर द्वारा हार्ट लोटस, पावर विन्यास, योगाचार्य आनंद मेहरोत्रा ने पूर्ण मूल्यों के साथ जीने के लिए शक्ति को जीवंत करना, बैंगलोर के प्रसिद्ध वरिष्ठ आयंगर योग शिक्षक एचएस अरुण ने अनट्विस्ट द ट्विस्ट, आधुनिक बीमारियों से बचाव और आयुर्वेद और योग से समाधान बताया। डॉ. राघवन रामनकुट्टी और शारदा राघवन ने जानकारी दी कि कैसे आयुर्वेद एक उपचार प्रणाली है जो शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और योग को जोड़ती है। स्वामी स्वत्वानंद वेदांत ने बताया कि कैसे वेदांत, ब्रह्म और आत्मा में ज्ञान के खोज की एक साधना है। माइकल बर्नार्ड बेकविथ संस्थापक एगैप इंटरनेशनल स्पिरिचुअल सेंटर कैलिफोर्निया एरिका कॉफमैन द्वारा लीला योग, योगिक योग के सह-संस्थापक और निदेशक मोहन भंडारी ने प्राणायाम, सेंसेई संदीप देसाई के बेहद लोकप्रिय चेन स्टाइल ताईची, चेन्नई योग स्टूडियो के संस्थापक रोहिणी मनोहर द्वारा एनर्जी फ्लो, डॉ. ईडन द्वारा चिकित्सा विन्यास, थेराप्यूटिक फ्लो योग, लोयोला मैरीमाउंट यूनिवर्सिटी, यूएसए के गोल्डमैन, फाइंड पावर इन माई रूट्स चक्र 1 और 7 बैलेंसिंग बाय केटी बी हैप्पी, सत्र का शीर्षक था 'द बीमिंग पावर ऑफ थंडर लव विश्वविख्यात न्यूरोसाइंटिस्ट और इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैथमेटिक्स एंड कॉन्शसनेस के संस्थापक डॉ. टोनी नादर ने चेतना ही सब कुछ है वेदांत अनपैक्ड विषय पर एक आध्यात्मिक व्याख्यान दिया। प्राकृतिक चिकित्सक आचार्य आशीष गिल्होत्रा ने बताया कि प्राकृतिक उपचार कैसे दर्द को दूर करने में मदद करता है। डॉ. निशि भट्ट ने शरीर की क्षमताओं को बढ़ाकर एक वैकल्पिक उपचार पद्धति के रूप में नाड़ी योग के विषय में विचार प्रस्तुत किये। योगसोमोस्टोडोस फाउंडेशन के अध्यक्ष और सीईओ जय हरि सिंह द्वारा अपनी चेतना को कैसे जगाये के बारे में बताया।

### पदयात्रा श्रीनगर से देहरादून के लिए निकली

श्रीनगर गढ़वाल। विस्थापन और पुनर्वास के लिए जोशीमठ से शुरू हुई युवाओं की पद यात्रा गुरुवार को श्रीनगर से देहरादून के लिए रवाना हुई। इस दौरान यात्रा में शामिल युवाओं ने कहा कि जोशीमठ के आपदा प्रभावित लोग बेघर हो चुके है। आपदा से सबकी रोजी रोटी ठप हो चुकी है। इसके बाद भी सरकार ने आज तक इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया है। बदरी-केदार धर्मशाला श्रीनगर में देहरादून रवाना होने से पूर्व आयोजित बैठक में युवाओं ने कहा कि विनाशकारी विकास के ढांचे के खिलाफ, पर्यावरण, विश्व धरोहर हिमालय और जोशीमठ को बचाने का संदेश लेकर तथा जोशीमठ की जनता को न्याय दिलाने के लिए यह यात्रा पहली मार्च को जोशीमठ से शुरू की गई थी। कहा 290 किमी. की दूरी तय करने के बाद 14 मार्च को यात्रा देहरादून पहुंचेगी। यात्रा के माध्यम से लोगों को जोशीमठ आपदा और जल विद्युत परियोजनाओं से होने वाले विनाश के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किया रेशम कीट बीमा योजना का शुभारम्भ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को देहरादून में एक निजी होटल में उत्तराखण्ड राज्य के रेशम कीट पालकों के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा रेशम निदेशालय, उत्तराखण्ड के सहयोग से 'सरल कृषि बीमा' के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रेशम कीट बीमा योजना का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा किसानों के हितों के संरक्षण पर हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष ध्यान है। उन्होंने कहा देश के किसानों के अधिक से अधिक लाभ मिले किसानों के आर्थिक स्तर में सुधार हो इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। प्राकृतिक कारणों से किसानों को होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाने के प्रयासों के लिए अनेकों सार्थक प्रयास राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे हैं, जिसमें से एक फसल बीमा योजना का संचालन भी है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारे राज्य उत्तराखण्ड में भी कृषि कार्यों से जुड़े किसानों को प्राकृतिक कारणों से होने वाले नुकसान की भरपाई हेतु फसल बीमा के क्षेत्र में भारतीय कृषि बीमा कम्पनी द्वारा फसलों का बीमा किया जा रहा है।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा भारतीय कृषि बीमा कम्पनी द्वारा प्रदेश में वर्ष 2016 की खरीफ फसल से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना चलाई जा रही है, मंत्री ने कहा इस योजना के अन्तर्गत अब तक 4.90 लाख किसानों को लगभग 480 करोड़ की धनराशि प्राकृतिक कारणों से उनकी फसलों की क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जा चुकी है। सरकार की प्राथमिकता फसल बीमा योजना के साथ ही कृषि से संबद्ध अन्य क्षेत्रों से जुड़े किसानों जैसे- रेशम, मत्स्य, पशुपालन इत्यादि को भी योजना का लाभ पहुँचाने का है। इसी पहल के अन्तर्गत आज रेशम निदेशालय एवं भारतीय कृषि बीमा कम्पनी द्वारा सरल कृषि बीमा में रेशम कीट बीमा योजना का शुभारम्भ किया गया है। मंत्री ने कहा इस योजना के प्रारम्भ होने से उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में रेशम के कार्यों से लगभग 12000 कृषक परिवार जुड़े हैं जिनमें से गतवर्ष 6691 किसानों द्वारा शहतूती रेशम का कीटपालन कार्य करते हुए लगभग 300 मी०टन रेशम कोये का उत्पादन किया है। चूँकि रेशम कीटपालन का कार्य करने के लिए मौसम का अनुकूल होना जरूरी होता है, अत्यधिक गर्मी या अत्यधिक वर्षा के कारण रेशम के कीटों में बीमारी आने की बहुत अधिक सम्भावना होती है, जिससे हमारे किसानों भाईयों को उनके मेहनताने का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा किसान भाईयों को होने वाले इस नुकसान से बचाने के लिए प्रदेश के चार जनपदों देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल एवं ऊधमसिंह नगर के 5 विकास - खण्ड़ों के 250 किसानों को वर्तमान में इस योजना से आच्छादित करते हुए पायलेट प्रोजैक्ट के रूप में योजना को प्रारम्भ करने का निर्णय भारतीय कृषि बीमा कम्पनी एवं विभाग द्वारा लिया गया है। यदि योजना के उत्साहवर्धक परिणाम हमारे सामने होंगें तो आने वाले सालों में हम पूरे प्रदेश के रेशम से जुड़े किसानों को इस योजना के अन्तर्गत लाभान्वित करेंगें । मंत्री जोशी ने कहा मेरे संज्ञान लाया गया है कि राज्य के अधिकांश रेशम कीटपालन का कार्य कर रहे किसान लघु/ सीमान्त श्रेणी के हैं तथा आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं है। जिस कारण बीमित धनराशि के प्रीमियम का भुगतान करने में सक्षम नहीं हैं। मंत्री गणेश जोशी ने घोषणा करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में बीमा प्रीमियम धनराशि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा जिसके लिए निदेशक, रेशम उत्तराखण्ड, तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध करायें।इस अवसर पर रेशम फेडरेशन अध्यक्ष अजीत चौधरी, सीएमडी भारतीय कृषि बीमा कम्पनी गिरिजा सुब्रमन्यम, निदेशक रेशम विभाग आन्नद कुमार यादव, सीजीएम नाबार्ड वी.के. बिष्ट, डीजीएम आरबीआई मनोज कुमार, जीएम भारतीय कृषि बीमा कम्पनी डी.सिंह, सीईओ पशुपालन आर.के.नेगी, चाय बोर्ड निदेशक जगदीश कैंप सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# अभाविप ने ढाबे में अनैतिक कार्यों को लेकर हंगामा काटा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। अभाविप के छात्रों ने पश्चमीवाला रोड स्थित एक ढाबे में जमकर हंगामा काटा। अभाविप के छात्रों ने ढाबे में अनैतिक कार्यों को किये जाने का आरोप लगाया। अभाविप छात्रों ने ढाबे को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की है। कहा कि नगर क्षेत्र के बीचोंबीच खुले उक्त ढाबे में सरेआम गलत कार्य किये जा रहे हैं। वहीं पुलिस ने कुछ देर के लिए होटल को बंद कर होटल संचालक को थाने ले गई। बाद में पुलिस ने ढाबा संचालक का पुलिस ऐक्ट में चालान काटकर छोड दिया।

नाबालिग से दुराचार के मामले में पुलिस गुरुवार को नाबालिग को लेकर ढाबे में पहुंची। जहां पुलिस मौके पर नजरी नक्शा बनाने नाबालिग को लेकर पहुंची थी। पुलिस जब नाबालिग को लेकर ढाबे से चली गई। तभी अभाविप के छात्र भी ढाबे में एकत्र हो गए। अभाविप छात्रों ने आरोप लगाया कि ढाबे में कई तरह के अनैतिक कार्य हो रहे हैं। कहा कि ढाबा नगर क्षेत्र के बीचोंबीच खुला हुआ है। जहां सरेआम गलत कार्य हो रहे हैं। अभाविप छात्रों की शिकायत पर एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी मौके पर पहुंच गये। एसएसआई पुजारी ने छात्रों को किसी तरह से समझाबुझाकर शांत किया। छात्रों की शिकायत पर पुलिस ने ढाबे कों बंद करवाकर कर ढाबा संचालक को थाने ले गई। जहां देर शाम तक ढाबा संचालक को पुलिस ने ढाबे बैठाये रखा। एसएसआई ने बताया कि अनैतिक कार्यों की ढाबे में शिकायत मिलने पर ढाबा संचालक का पुलिस ऐक्ट में चालान काटा गया है। बताया कि ढाबा संचालक को सख्त हिदायत दी गयी है कि ढाबे में कोई अनैतिक कार्य होना पाये जाने पर होटल को सीज किया जायेगा।

# मंत्री अग्रवाल ने किया डोईवाला चौक पर शहीद दुर्गा मल्ल की मूर्ति का लोकार्पण और 100 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने डोईवाला चौक पर शहीद दुर्गा मल्ल की मूर्ति का लोकार्पण और 100 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का अनावरण किया है। इस मौके पर शहीद के बलिदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। गुरुवार को शहीद की मूर्ति के लोकार्पण कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि शहीद दुर्गा मल्ल शुरू से ही स्वाभिमानी, मेहनती, और देश समर्पित रहे। नमक कानून का उल्लंघन करने के लिए महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए दांडी मार्च से दुर्गामल्ल के हृदय में देशभक्ति की भावना जन्म लेने लगी, जिसने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं से ही दुर्गामल्ल से महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत की आजादी का स्वप्न देखा था। कहा कि शहीद दुर्गामल्ल गोरखा समाज की दुर्दशा देखकर सदैव चिंतित और बेचैन रहते थे। वह हरवक्त देश की पराधीनता और दयनीय दशा के प्रति भी अत्यंत चिंतित रहा करते थे। उनकी चिंता ने ही उन्हें 18 वर्ष की आयु में गोरखा राइफल्स की बटालियन में भर्ती करवा दिया। मात्र 31 वर्ष की आयु में शहीद दुर्गा मल्ल ने अपने प्राणों की आहूति दी और अमर हो गए। मौके पर डोईवाला विधायक बृज भूषण गैरोला, नगर पालिका अध्यक्ष सुमित्रा मनवाल, अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, गोरखाली सुधार सभा के अध्यक्ष पदम सिंह थापा, अध्यक्ष वीर गोरखा कल्याण समिति कमल थापा, विशाल थापा, सूर्य विक्रम शाही, ईश्वर अग्रवाल, विनय जिंदल, भारत गुप्ता, सभासद ईश्वर रौथाण, मनीष धीमान, बलविंदर सिंह, हिमांशु राणा, नरेश मनवाल, संगीता डोभाल, प्रियंका मनवाल, राजेश भट्ट, संदीप नेगी, प्रदीप नेगी, लक्ष्मी कौशल, रेणु, गौरव मल्होत्रा, गीता खत्री, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

## नंदूफार्म में होली मनाने के दौरान दो पक्षों में विवाद, मुकदमा

ऋषिकेश। नंदूफार्म में होली पर्व पर हुड़दंग के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। शुरुआत में तू-तू, मैं-मैं हुई, जिसके बाद नौबत मारपीट तक आ गई। झगड़े में छह दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। शिकायत पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को नामजद किया, जबकि कई अज्ञातों को भी पुलिस ने मामले में आरोपी बनाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक बुधवार को यह झगड़ा हुआ। पड़ोसी सुरेंद्र पुत्र घनश्याम ने शिकायत देकर बताया कि रवीना निवासी नंदूफार्म ऋषिकेश के घर युवक होली मनाने के लिए पहुंचे। आरोप है कि हुड़दंग करते हुए उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। विरोध करने पर पहले गाली-गलौच की और इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। घटना में पांच स्कूटी और एक बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त छह दोपहिया वाहनों को कब्जे में लेकर आईडीपीएल चौकी ले आई। चौकी प्रभारी चिंतामणि मैठाणी ने बताया कि आरोपी रवीना, राजू भटनागर और अक्षय समेत कई अज्ञात के खिलाफ बलवा समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस विवाद से जुड़े सबूतों को जुटाने में लगी है। तहकीकात के साथ ही नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। अज्ञातों की पहचान को घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल जा रहा है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से हुई मौत में केस दर्ज

विकासनगर। हरबर्टपुर-विकासनगर हाईवे पर ई-रिक्शा की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिक्शा चालक मौके पर ई-रिक्शा छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। कमलेश कश्यप निवासी आदर्श विहार वार्ड संख्या छह हरर्बपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हरबर्टपुर विकासनगर मार्गा पर ई-रिक्शा चालक अल्लारक्खा पुत्र शकील निवासी लखनवाला ने गलत साइड से तेज गति व लापरवाही बरतते हुए उसके पति शोभाराम 57 को निवासी हरबर्टपुर को टक्कर मार दी।

# संक्षप्ति खबरें

## होली के दूसरे दिन परिवहन व्यवस्था लडख़ड़ाई

ऋषिकेश। होली के दूसरे दिन देहरादून रूट पर सवारियों का दबाव बढने से परिवहन व्यवस्था लडख़ड़ा गई। बसों की कमी के चलते सवारियों की फजीहत हुई। सवारियां गंतव्य तक पहुंचने के लिए बस अड्डा परिसर में घंटों भटकने को मजबूर हुए। गुरुवार को संयुक्त यात्रा रोडवेज बस अड्डा परिसर में ऋषिकेश से देहरादून जाने वाली बसों की कमी सवारियों पर भारी पड़ी। सुबह से ही दून जाने वाले लोगों का दबाव रहने से बसों की मारामारी रही। बस अड्डा परिसर में लोग बसों का इंतजार करते नजर आए। घंटों इंतजारी के बाद एक बस की आमद होने पर उसमें सीट पाने के लिए सवारियों को जद्दोजहद करनी पड़ी। धक्कामुक्की होने से कई बार विवाद की नौबत भी आयी। देहरादून जाने वाले तरुण कुमार, शालिनी शर्मा, धर्मेंद्र नेगी ने बताया कि ऋषिकेश और देहरादून के बीच लाल रंग की छोटी बसें चलती है, जिनकी क्रम से बस अड्डे में आमद रहती है। गुरुवार को बसों की कमी रही, जिससे सवारियों को दिक्कत हुई। कई सवारियों ने गंतव्य तक पहुंचने को प्राइवेट वाहनों का सहारा लिया। रोडवेज डिपो के एजीएम पीके भारती ने बताया कि लाल रंग की छोटी बसों का संचालन देहरादून डिपो से होता है। बसों का क्रम टूटने की जानकारी संबंधित डिपो को दी गई है।

## अतिथि शिक्षकों के अन्य विषयों का शासनादेश शीघ्र जारी करने की मांग

ऋषिकेश। प्रशिक्षित बेरोजगार संघ ने अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के अन्य विषयों के लंबित शासनादेश को शीघ्र जारी करने की मांग की है। चेताया कि प्रदेश सरकार ने मामले में सकारात्मक कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गुरुवार को प्रशिक्षित बेरोजगार संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी डीपी नौटियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को ज्ञापन प्रेषित किया है। बताया कि राज्य सरकार ने नवंबर 2018 विज्ञप्ति के अनुसार 5 दिसंबर 2022 को अतिथि शिक्षकों के प्रवक्ता संवर्ग के गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों के 929 रिक्त पदों का शासनादेश जारी किया था। इन विषयों की प्रथम चरण की काउंसलिंग 10 फरवरी को सभी जनपदों में संपन्न हो गई। द्वितीय चरण के तहत प्रवक्ता संवर्ग के 1371 अवशेष विषयों के रिक्त पदों का शासनादेश भी शीघ्र जारी करने की मांग की है। राज्य सरकार नवंबर 2018 विज्ञप्ति के अनुसार द्वितीय प्रतीक्षा सूची के तहत प्रवक्ता संवर्ग के 1371 अवशेष विषयों के रिक्त पदों का शासनादेश शीघ्र जारी नहीं करती है तो प्रशिक्षित बेरोजगार संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होकर सडक़ों पर उतरेगा। प्रशिक्षित बेरोजगार संघ के अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रदेश के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में 30 मार्च 2023 को काफी संख्या में शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं और 16 मार्च से उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो रही है तथा 1 अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ हो जाएगा। कई समय से अवशेष विषयों के पद काफी संख्या में रिक्त हैं, जिससे उस विषय का शिक्षक न होने के कारण नौनिहालों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

## हास्य कवि सम्मेलन हुए देश के मौजूदा हालातों पर तीखे व्यंग

ऋषिकेश। संस्कार भारती डोईवाला की ओर से आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में हंसी ठहाकों के बीच देश के मौजूदा हालातों पर तीखे व्यंग किए गए। सम्मेलन का शुभारंभ शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में होली का एक सामाजिक महत्व है। होली समाज को एक साथ लाने और एक दूसरे के बीच ताने-बाने को मजबूत करने में मदद करती है। हास्य कवि सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने शिक्षक हरिहर लोहानी, कथावाचक आदित्य नंद महाराज, सामाजिक क्षेत्र में कविता पाल, भानियावाला की पूर्व प्रधान नीलम नेगी, पत्रकार आरती वर्मा, वेटलिफ्टर ज्योति यादव और आयोजन समिति से जुड़े 6 कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। योगेश अग्रवाल के संचालन में चले कवि सम्मेलन में रुडक़ी से आई कवित्री महिमा श्री ने मां के चरणों में करूं वंदना और पति का कैसा व्यवहार है पत्नियों पर होता अत्याचार है, के माध्यम से अपनी कविताओं से वाहवाही लूटी।

# मुख्य सचिव ने की देहरादून यातायात संकुलन को कम करने हेतु सभी सम्बन्धित विभागों संग बैठक



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरूवार को सचिवालय में देहरादून में यातायात संकुलन को कम करने हेतु सभी सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी सम्बन्धित विभागों की एक कमेटी बनायी जाए, जो ट्रेफिक कन्जेशन को कम करने के लिए प्रत्येक सप्ताह बैठक आयोजित करेगी।


मुख्य सचिव ने कहा कि शहर के यातायात संकुलन कम करने की दिशा में लगातार अनुश्रवण प्रणाली की देखरेख के लिए यूनिफाइड मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (रूञ्ज्र) पाक्षिक रूप से बैठक आयोजित कराएगी। उन्होंने कहा कि यातायात संकुलन को कम करने के लिए आमजन का पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर विश्वास जगाना आवश्यक है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की फ्रीक्वेंसी बढ़ाई जाए। साथ ही वाहनों की टाइमिंग भी सुनिश्चित किया जाए। अधिक से अधिक तकनीक का प्रयोग करते हुए प्रत्येक बस स्टॉप पर अगली आने वाली बस के पहुंचने का समय भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए। कहा कि इसके लिए शीघ्र से शीघ्र शहर के भीतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुनियोजित तरीके से मजबूत किए जाने की आवश्यकता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि यातायात संकुलन को कम करने के लिए तीन ई इंजीनियरिंग, इन्फोर्समेंट और एजुकेशन पर फोकस किए जाने की आवश्यकता है। जहां पर इंजीनियरिंग से यातायात में सुधार हो सकता है, तुरंत शुरू किया जाए। यातायात संकुलन को रोकने के लिए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नो पार्किंग एरिया में गाड़ी पार्क करने वालों पर अधिक से अधिक चालान किए जाएं। इसके लिए ड्रोन कैमरों का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि शहर में स्कूल बसों से लगने वाले जाम को कम करने के लिए प्रत्येक स्कूल में जाकर वहां की परिस्थितियों के अनुसार अलग प्लान तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फील्ड पर यातायात कंट्रोल के लिए ट्रेफिक पुलिस काम कर रही है। ट्रेफिक को सुधारने के लिए सबसे अच्छा फीडबैक इन्हीं से मिल सकता है। इसके लिए ट्रेफिक फीडबैक सिस्टम विकसित किया जाए। आमजन में यातायात संकुलन को कम करने के लिए शिक्षित किए जाने की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए लघु फिल्मों के माध्यम से प्रचार प्रसार विशेषकर स्कूली बच्चों में अधिक से अधिक शिक्षित किए जाने की दिशा में कार्य किया जाए।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बद्र्धन, सचिव अरविन्द सिंह ह्यांकी, प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कारपोरेशन जितेन्द्र त्यागी, निदेशक यातायात मुख्तार मोहसिन, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, एसएसपी देहरादून दिलीप सिंह कुंवर, मुख्य नगर अधिकारी मनुज गोयल, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी एवं एसपी ट्रैफिक अक्षय प्रह्लाद कोण्डे सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## संपादकीय



# धोखाधड़ी से सावधान

मुंबई के एक निजी बैंक के 40 ग्राहकों के फर्जीवाड़े का शिकार होने की घटना ने देश का ध्यान फिर इस समस्या की ओर खींचा है. अपराधियों ने इन लोगों को मोबाइल पर एक संदेश भेजा था, जिसमें एक लिंक दिया गया था. इस लिंक को चटकाने के साथ ही इन ग्राहकों के खाते से लाखों रुपये उड़ा लिये गये. बीते दिसंबर में भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया था कि पिछले साल की दूसरी छमाही में विभिन्न बैंकों ने फर्जीवाड़े के 2,331 मामलों की जानकारी दी थी. इन मामलों में 87 करोड़ रुपये की चपत लगी थी. उल्लेखनीय है कि 2022 की पहली छमाही में 1,532 ऐसे मामले दर्ज किये गये थे. मैसेज से वेबसाइट का लिंक भेजकर या खाता के बारे में भ्रामक बातें कर ग्राहकों को बरगलाने के मामले कई साल से सामने आ रहे हैं. रिजर्व बैंक, सरकार और पुलिस की ओर से ऐसे अपराधों को रोकने के लिए अनेक उपाय किये गये हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि अपराधी दो कदम आगे रहते हैं तथा लोगों को ठगने के नये-नये तरीके निकाल लेते हैं. भारत सरकार ने हर तरह के साइबर अपराधों की शिकायत दर्ज करने के लिए एक विशेष पोर्टल बनाया है. इसके अलावा पुलिस विभागों ने भी ऐसे अपराधों की शिकायत की व्यवस्था की है. लोगों को जागरूक करने के लिए बैंक और पुलिस के साथ-साथ वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक भी समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करते हैं तथा लोगों को संदेश भेजते रहते हैं कि किसी तरह के संदेहास्पद संदेशों से बचें. ठगी के अनेक प्रकार हैं. लिंक भेजकर या ग्राहक की गोपनीय जानकारी जुटाकर खातों से पैसा निकालना ठगी का एक रूप है. मोबाइल एप के जरिये या मोबाइल में सेंधमारी कर भी लोगों की जमा-पूंजी को निशाना बनाया जाता है. बार-बार यह कहा जाता है कि लोगों को अपने खाते की संख्या, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की संख्या, ओटीपी, पिन संख्या, पासवर्ड आदि की जानकारी किसी को नहीं देनी चाहिए. किसी तरह की समस्या होने या संदेहास्पद संदेश आने पर ग्राहकों को सीधे संबंधित बैंक की शाखा में संपर्क करना चाहिए. जिस गंभीरता से । हम अपने पैसे की अहमियत समझते हैं, उसी मुस्तैदी से हमें उसकी रक्षा भी करनी चाहिए. बिना जाने-समझे एप से कर्ज लेना या किसी अवैध स्रोत से पैसा लेना अपनी तबाही को बुलावा देना है. कई बार यह भी देखा गया है कि लोग ठगी का शिकार होने पर उसकी शिकायत भी नहीं करते. यह ठीक नहीं है. पुलिस तंत्र को भी अधिक सक्रियता से अपराधियों को रोकने पर ध्यान देना चाहिए.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## रसोई गैस सिलेंडर से आग लगी

हल्द्वानी। धान मिल में एक घर में रसोई गैस सिलेंडर में आग लग गई। इससे हडक़ंप मच गया। फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को होली पर्व पर धान मिल में दो मंजिला मकान में रखे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे गए और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग लगने के चलते गैस सिलेंडर फूल गया था। दमकल कर्मियों की तत्परता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।

## टेक्नोलॉजी ने महिला-पुरुषों के बीच की खाई कम की

हल्द्वानी। डीएवी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। 'डिजिटआल : लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी विषय पर आधारित कार्यक्रम की शुरुआत महिला सशक्तिकरण कविता से की गई। 11वीं की छात्राओं कहा कि डिजिटल संसाधनों और टेक्नोलॉजी ने महिलाओं-पुरुषों के बीच खाई कम की जा रही है। आज लड़कियां भी रोजगार सृजन करने में सक्षम हैं। जसजिया कौर, लक्षिता, कंचन, सौम्या, पूजा और दिया लोहनी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षिका मुन्नी पंत ने कहा कि इस वर्ष की थीम महिलाओं के प्रति समानता के भाव के साथ साथ सतत विकास के पथ को प्रदर्शित करती है। महिला विकास का तात्पर्य लड़कियों को हर क्षेत्र में आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित करना है, उनमें शक्ति और संभावनाएं विद्यमान हैं।

## लापता किशोर को पुलिस ने ढूंढा

हल्द्वानी। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया 7 फरवरी को सृजन न्योपानेय (16) बिना बताए घर से चला गया था। गुरुवार को उसके पिता रूद्र प्रसाद न्योपानेय हाल निवासी भीमताल ने शिकायत दर्ज कराई। सीसीटीवी की मदद से सृजन को सांगुड़ी गांव से उसके दोस्त के घर से सकुशल ढूंढ कर परिजनों को सुपुर्द किया।

## संक्षिप्त खबरें

### इग्नू परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन शुरू

देहरादून। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की जून में होने वाली परीक्षाओं के लिए आनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। जो 25 अप्रैल तक चलेंगे। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि जिन भी शिक्षार्थियों को जून 2023 की सत्रांत परीक्षा में शामिल होना है वे इग्नू की वेबसाइट पर जाकर रजिस्टर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को प्रत्येक थ्योरी कोर्स के लिए दो सौ और प्रैक्टिकल व प्रोजेक्ट के लिए क्रेडिट के अनुसार शुल्क देना होगा। 25 अप्रैल के बाद जो फार्म भरेगा उसे 11 सौ रुपए का विलंब शुल्क देना होगा। शिक्षार्थी द्धह्लह्लश्चह्य://द्ग&ड्डद्द.द्बद्दठ्ठशह्व.ड्डष्.द्बठ्ठ/ पर जाकर भी आवेदन कर सकते हैं।

### मसूरी के मोटीधार गांव को सडक़ से जोडऩे की मांग

देहरादून। मसूरी विधानसभा क्षेत्र का मोटीधार गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। गांव के ग्रामीणों ने सरकार से गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोडऩे की मांग की है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता ताराचंद रमोला ने बताया कि 1997 में सहस्त्रधारा-चामासारी-मोटीधार-मासुराना-पटरानी सडक़ को मंजूरी मिली थी, लेकिन यह सडक़ चामासारी तक ही बनी है। 2004-05 में मासुराना से मोटीधार-चामासारी सडक़ को मंजूरी मिली थी, लेकिन आज काम सर्वे से आगे नहीं बढ़ पाया। जिस कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों को इस दौर में भी पैदल आवाजाही करनी पड़ रही है। उन्होंने सरकार से शीघ्र ही मोटीधार गांव को सडक़ से जोडऩे की मांग की है।

### एनएपीएसआर ने कुष्ठ रोगियों को बांटा सामान

देहरादून। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस व होली पर बुधवार को संजय कालोनी स्थित रैफल होम में नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स(एनएपीएसआर) की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसोसिएशन ने कुष्ठ रोगियों को मिठाई, सूती साडियां व अन्य सामान बांटा। एनएपीएसआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि समाज में हर किसी को अपनी जिम्मेदारी समझकर दूसरों की हर संभव मदद करनी चाहिए। इस दौरान आईआईपी के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डा. केएम अग्रवाल,यमुना बुक बैंक संचालिका बीना शर्मा, अपनी पाठशाला संचालिका कविता खान,समाज सेवी जितेंद्र डंडोना, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता रेहान सिद्दीकी,फौजिया अफजाल,ईशान खान,सिमरा रेहान,समीन रेहान और आलियाह खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

### निकाय चुनाव: वार्डवार मतदाता सूची तैयार करने को अधिकारी नियुक्त

हल्द्वानी। स्थानीय निकाय चुनाव को वार्डवार मतदाता सूची तैयार करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल ने अधिकारियों की तैनाती कर दी है। जिसके तहत जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक अधिकारी व नोडल अधिकारी के पदों पर नियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिवचरण द्विवेदी को जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नामित किया है। वह जिले में समस्त स्थानीय निकायों के लिए आयोग की ओर से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी के कार्यों पर निगरानी और समन्वय स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशन में सहायक निर्वाचन अधिकारी व नोडल अधिकारी चुनाव में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्देशन में पर्यवेक्षक, संगणक व चुनावों के कार्यों में लगे कार्मिक काम करेंगे। सहायक निर्वाचक अधिकारी निकायों के लिए समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देश के मुताबिक नगर निगम के लिए सहायक नगर आयुक्त व अन्य समस्त निकायों में अधिशासी अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। वह चुनाव के दौरान निकायों के लिए समन्वय अधिकारी के रूप में कार्य करने के साथ ही मतदाता सूची बनाने की व्यवस्थाएं देखेंगे।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट शुक्रवार से जिले के भ्रमण पर

हल्द्वानी। केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट आज से जनपद भ्रमण पर हैं। शुक्रवार सुबह 11:10 बजे सिडकुल भीमताल में मैसर्स कुमाऊं ग्लेशियर एक्वा कम्पनी का उद्घाटन करेंगे। 12:40 बजे कैची धाम मन्दिर का भ्रमण करने के इसके बाद 1:10 बजे खैरना पुल और मजेठा वाटर पम्पिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। अपराह्न 3 बजे से विलेज खैरना में जनसम्पर्क करेंगे, 4 बजे चमरिया, 4:30 बजे काकडीघाट, 4:50 बजे सुयालबाड़ी, 5:10 बजे क्वारब, 5:30 बजे मोना और शाम 6:30 बजे ल्वेशाल में जनसम्पर्क करेंगे। वहीं आईवीआरआई, टीआरसी गेस्ट हाउस मुक्तेश्वर में रात्रि विश्राम करेंगे।

### टेक्नोलॉजी ने महिला-पुरुषों के बीच की खाई को कम किया

हल्द्वानी। डीएवी स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गोष्ठी, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। 'डिजिटआल : लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी विषय पर आधारित कार्यक्रम की शुरुआत महिला सशक्तिकरण कविता से की गई। 11वीं की छात्राओं कहा कि डिजिटल संसाधनों और टेक्नोलॉजी ने महिलाओं-पुरुषों के बीच खाई कम की जा रही है। आज लड़कियां भी रोजगार सृजन करने सक्षम हैं। जसजिया कौर, लक्षिता, कंचन, सौम्या, पूजा और दिया लोहनी ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षिका मुन्नी पंत ने कहा कि इस वर्ष की थीम महिलाओं के प्रति समानता के भाव के साथ साथ सतत विकास के पथ को प्रदर्शित करती है। महिला विकास का तात्पर्य लड़कियों को हर क्षेत्र में आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित करना है, उनमें अपरिमित शक्ति और संभावनाएं विद्यमान है।

### कर्मचारियों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

हल्द्वानी। कोरोना काल में राजकीय मेडिकल कॉलेज और सुशीला तिवारी अस्पताल में रखे गए कर्मचारियों का कार्यकाल 15 मार्च को खत्म हो रहा है। ऐसे कर्मियों ने सरकार से कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। दरअसल, संबंधित कर्मियों को 31 मार्च 2022 को हटा दिया गया था। आंदोलन करने पर 1 अक्तूबर से फिर 6 महीने के लिए तैनाती दी गई थी। अब 15 मार्च को समयावधि पूरी हो रही है। इस मामले में कर्मियों ने सरकार को पत्र भेजा है। यहां जिसान सिद्दिकी, मंजुल राणा, विनोद पांडे, आकाश रावत, अंकित भंडारी, संजय पांडे, कविता, दर्पण खाती, संध्या, अनिता, योगेश बिष्ट, कुमुद बहुगुणा, पारुल, हंसा पांडे, खुशी, दीक्षा, जसवंत, कैलाश, नेहा मेर आदि रहे।

# राज्यपाल ने किया अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव-2023 का शुभारंभ कर गंगा आरती में प्रतिभाग





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को परमार्थ निकेतन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव-2023 का शुभारंभ कर गंगा आरती में प्रतिभाग किया। इस महोत्सव में 90 से अधिक देशों के 1500 से अधिक योग साधक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा की यह योगसाधकों का एक अद्भुत समागम है।

राज्यपाल ने कहा की सर्वे सन्तु निरामयाः 'सब निरोगी हों, इस भावना के साथ पूरी दुनिया में आज योग स्वस्थ जीवन शैली का एक बड़ा जन आन्दोलन बन चुका है। उन्होंने कहा योग हमारी आध्यात्मिक प्रगति का मार्ग है। विश्वगुरू भारत के संकल्प को पूरा करने में योग विद्या का महत्वपूर्ण योगदान होने वाला है।

राज्यपाल ने कहा की भारत जी-20 की अध्यक्षता के साथ 'वसुधैव कुटुम्बकम' की महान भावना का विस्तार कर रहा है। 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का जो संकल्प है उसमें योग एक महान साधन बन रहा है। उन्होंने परमार्थ निकेतन में आये विभिन्न देशों के सभी योग साधकों, शिक्षकों और प्रेरकों स्वागत किया और परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि को इस भव्य आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती सहित विभिन्न देशों के योग साधक ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## कटापत्थर व तौली में विधायक चौहान ने पेयजल योजनाओं का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान ने कटापत्थर में ग्राम पंचायत तौली मे 1.56 लाख रुपये व कटापत्थर में 170.30 लाख रुपये की पेयजल नलकूप योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक ने जल संस्थान के अधिकारियों को योजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने व योजनाओं का निर्माण समय पर पूरा करने के आदेश दिए। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तौली और कटापत्थर में पेयजल हेतु नलकूप योजनाओं का शिलान्यास करते हुए विधायक मुन्नासिंह चौहान ने भूमि पूजन कर योजनाओं का शिलान्याास किया। विधायक चौहान ने कहा कि ग्रामसभा तौली में 156.60 लाख की लागत से पूरी होने वाली इस योजना से बडक़ोट, डांडीपुर, भूड़, केला घाटी, धौरा की डांडी, कामयारी गांव, खेड़ा व सुना क्षेत्र में जल संकट को दूर किया जाएगा। विधायक ने कहा कि ग्राम कटापत्थर में 170.30 लाख रूपये की लागत से योजना के निर्माण कार्य की शुरूआत के बाद कटापत्थर लोअर, हरिजन बस्ती, बिंहारी मोहल्ला, कटापत्थर अपर, डांडी वाला गांव, नूरों वाला में पानी की पर्याप्त आपूर्ति करायी जा सकेगी। इसके साथ ही नये घरेलू जल संयोजन दिये जाने का कार्य शिलान्यास के साथ शरू हो गया है। इस मौके ब्लॉक प्रमुख जसविंदर सिंह बिट्टू, दौरान सहायक अभियन्ता जयपाल सिंह चौहान, अपर सहायक अभियन्ता संजय कुमार, नागेन्द्र सिंह पुण्डीर, क्षेत्र पंचायत सदस्य शालिनी, दिनेश रतवाल, अर्जुन सिंह, प्रवीन तोमर, संदीप चौहान, इतेन्द्र तोमर, नागेन्द्र पुण्डीर, चंचल, संजय, भरत, दलिप एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अभाविप ने ढाबे में अनैतिक कार्यों को लेकर हंगामा काटा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। अभाविप के छात्रों ने पश्चमीवाला रोड स्थित एक ढाबे में जमकर हंगामा काटा। अभाविप के छात्रों ने ढाबे में अनैतिक कार्यों को किये जाने का आरोप लगाया। अभाविप छात्रों ने ढाबे को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग की है। कहा कि नगर क्षेत्र के बीचोंबीच खुले उक्त ढाबे में सरेआम गलत कार्य किये जा रहे हैं। वहीं पुलिस ने कुछ देर के लिए होटल को बंद कर होटल संचालक को थाने ले गई। बाद में पुलिस ने ढाबा संचालक का पुलिस ऐक्ट में चालान काटकर छोड दिया। नाबालिग से दुराचार के मामले में पुलिस गुरुवार को नाबालिग को लेकर ढाबे में पहुंची। जहां पुलिस मौके पर नजरी नक्शा बनाने नाबालिग को लेकर पहुंची थी। पुलिस जब नाबालिग को लेकर ढाबे से चली गई। तभी अभाविप के छात्र भी ढाबे में एकत्र हो गए। अभाविप छात्रों ने आरोप लगाया कि ढाबे में कई तरह के अनैतिक कार्य हो रहे हैं। कहा कि ढाबा नगर क्षेत्र के बीचोंबीच खुला हुआ है। जहां सरेआम गलत कार्य हो रहे हैं। अभाविप छात्रों की शिकायत पर एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी मौके पर पहुंच गये। एसएसआई पुजारी ने छात्रों को किसी तरह से समझाबुझाकर शांत किया। छात्रों की शिकायत पर पुलिस ने ढाबे कों बंद करवाकर कर ढाबा संचालक को थाने ले गई। जहां देर शाम तक ढाबा संचालक को पुलिस ने ढाबे बैठाये रखा। एसएसआई ने बताया कि अनैतिक कार्यों की ढाबे में शिकायत मिलने पर ढाबा संचालक का पुलिस ऐक्ट में चालान काटा गया है। बताया कि ढाबा संचालक को सख्त हिदायत दी गयी है कि ढाबे में कोई अनैतिक कार्य होना पाये जाने पर होटल को सीज किया जायेगा।

## बालिका गृह में मनाया गया महिला दिवस

पिथौरागढ़। सीमान्त क्षेत्र में अंतरास्ट्रीय महिला दिवस कार्ड उज्ज्वला पुनर्वास केन्द्र में मनाया गया। बालिका गृह में रंगोत्सव के साथ महिलाओं ने इसे बड़े ही धूमधाम से मनाया ।8 मार्च को विश्व महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। वही, निर्मला पाण्डेय ने कहा ये पर्व महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों व कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इस दौरान हेमा कापड़ी, सुनीता चन्द, ममता लूंठी, प्रीती धामी, पूजा वल्दिया मौजूद रही।

## एससी के लिए भी आरक्षित की जाए पालिका अध्यक्ष सीट

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ नगरपालिका अध्यक्ष सीट ओबीसी वर्ग के आरक्षित होने की चर्चा के बाद अनुसूचित जाति के लोगों ने भी आवाज उठाई है। गुरुवार को कुमौड़ वार्ड के सभासद नीरज कुमार ने कहा कि नगरपालिका अस्तित्व में आने के बाद कभी यहां अध्यक्ष सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस समुदाय के लोगों को हमेशा वोट बैंक के तौर पर ही देखा जाता है। सभासद नीरज ने शासन-प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को भी मौका मिलना चाहिए।

## पुलिस ने शराब की 2819 बोतलें नष्ट की

पिथौरागढ़। जनपद के पांच मामलों में पकड़ी गई अवैध शराब का न्यायालय से निस्तारण हो गया है। बरामद हरियाणा मार्का की कुल 2 हजार 819 बोतलें पुलिस ने नष्ट की है। यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कपिल कुमार त्यागी, सीओ महेश चंद्र जोशी, तहसीलदार पंकज चंदोला, सहायक अभियोजन अधिकारी रितेश वर्मा मौजूद रहे।

## मिश्रित खेती अपनाएं किसान

पिथौरागढ। एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के तत्वावधान में आयोजित 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को किसान श्री सम्मान से सम्मानित सफल उद्यमी एवं पूर्व सैनिक केशव दत्त मखौलिया के धनौडा स्थित फार्म का प्रक्षेत्र भ्रमण किया ।

## संक्षिप्त खबरें

### दुकान से चोरी में तीन लोग गिरफ्तार

देहरादून। दुकान से सामान चोरी में प्रेमनगर थाना पुलिस ने तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इंस्पेक्टर प्रेमनगर प्रदीप बिष्ट ने बताया कि अमित चक्रवर्ती निवासी विंग छह ने केस दर्ज कराया। बताया कि उनकी बीड़ी सिगरेट की दुकान का शटर तोडक़र चोरी की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर ठाकुरपुर रोड से तीन आरोपी गिरफ्तार किए। आरोपियों की पहचान आर्यन बिष्ट (19) निवासी विवेक विहार, राजपुर, अनिल (20) निवासी नारा शहद बैरकपुर जिला नीलगंज पश्चिम, बंगाल और वंश (20) निवासी संजय नगर राजपुर चुंगी, आगरा यूपी के रूप में हुई। आरोपियों से चोरी किए गए रेजगारी के 450 सिक्के, 11 सिगरेट के पैकेट, 45 लाइटर बरामद किए गए।

### रुद्रपुर में खुली नैनीताल बैंक की 167 वीं शाखा

हल्द्वानी। नैनीताल बैंक ने गंगापुर रोड रुद्रपुर में अपनी नई 167 वीं शाखा खोली। बुधवार को हवन व पूजन के साथ शाखा का उद्घाटन किया गया। बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल मोहन ने उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने ग्राहकों को बैंक की योजनाओं की जानकारी दी। कहा बैंक अपने सौ वर्ष की यात्रा पूरी करने के पश्चात अगले सौ वर्षों की योजना पर काम कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन दीपा बिष्ट ने किया। यहां मुख्य परिचालन अधिकारी अरुण अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश रुवाली, रमन गुप्ता, दीपक बिष्ट, संजय गुप्ता, अंशुल गर्ग, प्रियांशु कौशिक, धर्म चंद खेड़ा, श्याम लाल सुखीजा, अशोक अदलखा आदि रहे।

### विधायक बंशीधर भगत ने कार्यकर्ताओं के साथ खेली होली

हल्द्वानी। विधायक बंशीधर भगत ने अपने आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता के साथ होली मनाई। भारी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने विधायक भगत को अबीर गुलाल लगाकर रंगों की होली खेली। इससे पूर्व राधा कृष्ण के वेश में पहुंचे कलाकारों के साथ विधायक भगत और उनके परिजनों ने फूलों की होली खेली। विधायक ने होली मिलने पहुंचे प्रत्येक कार्यकर्ता को रंग लगाया।

### हाई वोल्टेज की समस्या दूर करने की मांग

हल्द्वानी। सांगुड़ी गांव और डांट क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से हाईवोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इससे परेशान लोगों ने गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष कमला आर्य की अगुवाई में ऊर्जा निगम उपकेंद्र में ज्ञापन सौंपा। एसडीओ मनोज तिवारी से समस्या के समाधान की मांग की। यहां पारस चंद्रा, योगेश तिवारी, दिनेश सांगुड़ी, पारस चंद्र आदि रहे।

### आपदाग्रस्त एलधारा में सुरक्षा निर्माण कार्य शुरू

पिथौरागढ़। धारचूला के लिए खतरे का सबब बन चुके आपदाग्रस्त एलधारा के ट्रीटमेंट को निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इससे लोगों ने राहत की सांस ली है। संभावना जताई जा रही है कि आगामी बरसात से पूर्व निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। गुरुवार को अरुण कंस्ट्रक्शन कंपनी ने मल्ली बाजार में बड़े बोल्डरों को तोडऩे का कार्य शुरू किया। इस दौरान कार्यदायी संस्था ने बताया कि मल्ली बाजार से लेकर एलधारा तक निर्माण कार्य होना है। मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत 20 करोड़ की लागत से उक्त कार्य होना है। निर्माण कार्य होने से स्थानीय लोगों में खुशी है। स्थानीय व आपदा पीड़ित ओपी वर्मा का कहना है कि एलधारा क्षेत्र में अभी भी खतरा बना हुआ है। इससे आगामी मानसून काल में पूरे क्षेत्र को नुकसान हो सकता था। ऐसे में समय रहते सुरक्षा निर्माण कार्य होना सभी के लिए लाभकारी साबित होगा। बता दें कि बीते 29 जुलाई को एलधारा में भारी भूस्खलन हुआ। बड़े-बड़े बोल्डर पहाड़ी से गिरने के कारण मल्ली बाजार स्थित छह परिवारों के आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि कई मकानों में मलवा घुस जाने के कारण लोगों को अपना घर छोडऩा पड़ा था।